


बातचीत के लिए

1. इस चित्र में क्या-क्या दिखाई दे रहा है? 2. चित्र में कौन क्या कर रहा है? 3. तस्वीर से मिलता-जुलता हमारे आस-पास क्या-क्या है? 4. चित्र में कुल कितनी दुकानें हैं?


चाहत
ब्यूटी पार्लर
अन्ना डोसा
असली
दयाल
बैन्ड
दयाल
दयाल

3 हमारा रहन-सहन

हम सीखेंगे

ओ	औ	झ	द	ल	ग	क	य

- 21 से 50 तक की संख्याएँ पहचानना, पढ़ना और लिखना
- इकाई और दहाई समूहों में गिनना
- 50 तक की संख्याओं का जोड़ और घटा करना

देखिए, पढ़िए और बातचीत कीजिए—



बारात



झूला



बाजा



गोदना

© NCERT not to be republished



नाच



पान



खिलौने



माला



गुब्बारे

शिक्षक-निर्देश— सहभागियों से बारी-बारी सभी चित्रों की पहचान करवाएँ। चित्रों के नीचे उनसे संबंधित शब्द दिए गए हैं, उसके आधार पर शब्दों को अनुमान लगाकर पढ़वाएँ। चित्र के नीचे लिखे शब्दों को अँगुली रखकर पढ़ने के लिए प्रेरित करें।

© NCERT not to be republished

बताइए और निशान लगाइए—

आप अकसर मेले में जाते होंगे। दिए गए चित्रों में से मेले में आपने क्या-क्या देखा? सही का निशान (✓) लगाइए—





चाट की दुकान

मिट्टी के बर्तनों की दुकान






चूड़ियों की दुकान

जलेबी

© NCERT not to be republished



टैम्पो



निशानेबाजी



गन्ने का रस




ऊँटगाड़ी

© NCERT not to be republished

पढ़िए और लिखिए—

ओ



ओला



ओस

ओ

औ



औज़ार



औषधि

औ

© NCERT not to be republished

शिक्षक-निर्देश — सहभागियों से बारी-बारी से चित्र की पहचान करवाएँ। चित्र के नीचे लिखे शब्दों को अँगुली रखकर पढ़ें और उनसे अक्षर भी लिखवाएँ।

झ



झगड़ा



झरोखा

झ

झा



झाड़ू



झाड़ी

झा

शिक्षक-निर्देश — चित्र देखकर शब्द पढ़ने में सहभागियों की मदद करें। उनसे अक्षर लिखवाएँ।

© NCERT not to be republished

झि




झिड़की



झिलमिल

झि

झी



झींगुर




झील

झी


© NCERT not to be republished

शिक्षक-निर्देश — चित्र देखकर शब्द पढ़ने में सहभागियों की मदद करें। उनसे अक्षर लिखवाएँ। तारों की तस्वीर पर बात करते हुए झिलमिल, झिलमिलाना जैसे शब्दों पर पहुँचें।

द



दरवाज़ा



दर्ज़ी

द

दा



दाढ़ी





दातुन

दा

© NCERT not to be republished

दि






दियासलाई

दिशा-सूचक

दी





दीया

दीवार

© NCERT not to be republished

दौ



दौड़



दौलत



य



यज्ञ




युवक




© NCERT not to be republished

ल



लट्टू




लहसुन

ल

ला



लालटेन




लाठी


ला

© NCERT not to be republished

लि



लिफ़ाफ़ा




लिहाफ़




ली



लीपना




लीची



© NCERT not to be republished

लो






लोमड़ी

लोरी

लौ






लौटना


लौ

© NCERT not to be republished

ग



गधा




गमछा


ग

ग्

गा



गागर



गाय


गा

गा्

© NCERT not to be republished

गि






गिलहरी

गिरगिट

गी





गीला

गीत

© NCERT not to be republished

गो



गोभी




गोबर

गो

गौ



गौरैया



गौशाला

गौ

© NCERT not to be republished

क



करेला




कठफोड़वा



का



कारखाना




कार



© NCERT not to be republished

कि



किला



किसान

की



कीड़ा




कीचड़


© NCERT not to be republished

मिलकर पढ़िए—

दीवाली के दीये

दीवाली की रात आती है। लोग एक-दूसरे के घर छोटे दीये लेकर जाते हैं। दीये रखकर बोलते हैं— "मिजबान आए हैं, ध्यान रखिओ, उन्हें ठंड न लग जाए।"







मैंने दुनिया का इससे मीठा वाक्य नहीं सुना। अपने घर से दीपक ले जाकर अपने पड़ोसी के घर रख आना। आज इस वाक्य की मिठास इसका अर्थ जानकर और बढ़ जाती है कि हमारे रिश्तों में उजाला बना रहे और उसकी ऊष्मा ठंडी न पड़े।

शिक्षक-निर्देश— 'दीवाली के दीये' को पढ़कर सुनाएँ और सहभागियों को पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें।

© NCERT not to be republished

इस बड़े शहर में मन तो बहुत करता है कि पड़ोसी के घर के बाहर दीये रख आऊँ और वही कहूँ जो मैंने बचपन में अपने पड़ोसी से सुना था— "मिजबान आए हैं, ध्यान रखिओ, उन्हें ठंड न लग जाए...।"

— सुशील शुक्ल

पढ़िए और बताइए—

प्रश्न 1. दुनिया का सबसे मीठा वाक्य किसे कहा गया है और क्यों?

प्रश्न 2. आपके लिए दुनिया का सबसे मीठा वाक्य कौन-सा है और क्यों?

प्रश्न 3. क्या आपके यहाँ भी दीवाली से जुड़ी कोई खास परंपरा या रीति-रिवाज़ हैं? उसके बारे में बताइए।

प्रश्न 4. अपने इलाके में मनाए जाने वाले पसंदीदा त्योहारों के बारे में बताइए।

मेरे शब्द—

शिक्षक-निर्देश— 'हमारा रहन-सहन' विषय पर बातचीत करें। सहभागियों से पूछकर उनके किसी त्योहार से जुड़े 3–4 शब्द लिखिए। ये शब्द उनकी अपनी भाषा के भी हो सकते हैं, जैसे– 'छठ' त्योहार से जुड़े शब्द– नहाए-खाए, कोसी भरना, रसियाव आदि।

© NCERT not to be republished

■ शब्द ढूँढ़िए और लिखिए—

आज कमल ने खाने की कई चीज़ें बनाई हैं। खाने की चीज़ों के नाम पहचान कर उन पर घेरा लगाइए—



पनीर	प्याज़	इमली	टमाटर	कटोरा	चरखा	बीन
थाली	गिलास	चटनी	पालक	दाल	चावल	ओस
रोटी	खिलौना	तितली	चटाई	रायता	नमक	पानी
जग	बेलन	तवा	गमला	चक्की	खीर	लोरी

■ अब खाने की किन्हीं नौ चीज़ों के नाम लिखिए—

1. _____
2. _____
3. _____
4. _____
5. _____
6. _____
7. _____
8. _____
9. _____

© NCERT not to be republished

■ शब्दों को ध्यान से देखिए, पढ़िए और लिखिए—

जिसमें **ओ** की आवाज़ है—

गाना आना ओक मीत

जिसमें **औ** की आवाज़ है—

औरत कहाँ मोर दराज़

जिसमें **दो** की आवाज़ है

दीवार दोना दादी कायदा

जिसमें **दौ** की आवाज़ है—

दीमक दलिया दौलत चौका

जिसमें **लो** की आवाज़ है—

लौटना लोग झील लोटा

जिसमें **ली** की आवाज़ है

मोल सिलाई चीनी कालीन

जिसमें **कौ** की आवाज़ है—

झरोखा कौवा मोबाइल रात

जिसमें **की** की आवाज़ है—

लकीर टिकट टिकटिक दाल

जिसमें **झो** की आवाज़ है—

झील झोला गया मगर

जिसमें **यो** की आवाज़ है—

बताना मलाई योगा रपट

© NCERT not to be republished

शिक्षक-निर्देश— शब्द पढ़ने में सहभागियों की मदद करें। अलग-अलग आवाज़ों वाले शब्द लिखने के लिए कहें। ये आवाज़ें शब्द के शुरू में, बीच में या अंत में, हो सकती हैं।

आइए, करके देखें—

दीवाली पर रमेश को एक-एक रुपये के बहुत सारे सिक्के मिले। उसने सिक्कों को नोट में बदलने के लिए दुकानदार को एक रुपये के 10 सिक्के दिए और बदले में दुकानदार ने उसे 10 रुपये का एक नोट दिया।





अगर रमेश दुकानदार को एक रुपये के 20 सिक्के देगा तो उसके बदले में उसे 10 रुपये के कितने नोट मिलेंगे? उतने ही नोटों पर घेरा लगाइए—







आइए, जोड़कर गिनती सीखें—

मिठाई के एक डिब्बे में 10 लड्डू हैं। देखिए, समझिए और लिखिए—


20 + 1 =  = 21


20 + 2 =  = 22


© NCERT not to be republished

20 + 3 =  = 23

20 + 4 =  = 24


20 + 5 =  = 25

20 + 6 =  = 26

20 + 7 =  = 27

20 + 8 =  = 28

20 + 9 =  = 29

20 + 10 =  = 30


शिक्षक-निर्देश — इसी तरह आगे की संख्याएँ लिखने में सहभागियों की मदद करें।

© NCERT not to be republished


30	+	1	=	31
30	+	2	=	32
30	+	3	=	33
30	+	4	=	34
30	+	5	=	35
30	+	6	=	36
30	+	7	=	37
30	+	8	=	38
30	+	9	=	39
30	+	10	=	40

40	+	1	=	41
40	+	2	=	42
40	+	3	=	43
40	+	4	=	44
40	+	5	=	45
40	+	6	=	46
40	+	7	=	47
40	+	8	=	48
40	+	9	=	49
40	+	10	=	50

आइए, जोड़कर गिनती सीखें—



=



=

© NCERT not to be republished

नीचे दिए गए 10 रुपये के नोटों और 1 रुपये के सिक्कों से कुल कितने रुपये बनते हैं सोचिए, समझिए और उत्तर लिखिए—

	10 रुपये के नोट		1 रुपये के सिक्के		कुल रुपये
(क)		+		=	34
(ख)		+		=	
(ग)		+		=	
(घ)		+		=	22
(ङ)				=	32
(च)				=	40
(छ)				=	42

शिक्षक-निर्देश— सहभागियों को बताएँ कि दस-दस के समूह में गिनने से बड़ी-बड़ी संख्याओं को गिनना आसान हो जाता है। यह समझ भी विकसित करनी है कि दस इकाइयों से मिलकर दहाई बनती है।

© NCERT not to be republished

■ रहीम के पास 50 रुपये हैं, जिसमें 10 रुपये के चार नोट हैं और 1 रुपये के दस सिक्के हैं।





(क) रहीम ने अपनी बहन के लिए 15 रुपये की चूड़ियाँ लीं। उसने दुकानदार को कितने नोट और कितने सिक्के दिए?

10 रुपये का नोट

1 रुपये के सिक्के

= दहाई इकाई

(ख) रहीम ने 22 रुपये की चाट भी खाई। दुकानदार को रहीम ने कितने नोट और कितने सिक्के दिए होंगे?

10 रुपये के नोट

1 रुपये के सिक्के

= दहाई इकाई

(ग) रहीम के पास अब दस रुपये के कितने नोट और 1 रुपये के कितने सिक्के बचे हैं?

10 रुपये का नोट

1 रुपये के सिक्के

= दहाई इकाई

शिक्षक-निर्देश — रुपये, मिठाई के डिब्बे एवं फूलों की माला द्वारा सहभागियों में इकाई तथा दहाई की समझ विकसित करने की एक शुरुआत की गई है। सहभागियों को स्वयं अपने अनुभवों से ऐसा करने का अवसर दें। ऐसी अन्य संख्याओं को लेकर सहभागियों को प्रोत्साहित करें कि वे उनमें कितने दस (दहाई) और कितने एक (इकाई) होंगे, पता लगाएँ।

© NCERT not to be republished

- **आपके पास 10 रुपये और 1 रुपये के कुछ नोट या सिक्के हैं। बताइए, आप दुकानदार को वस्तुओं का मूल्य कैसे चुकाएँगे?**

मूल्य	वस्तु	दस के नोट/सिक्के	1 के नोट/सिक्के
₹50	टमाटर		
₹42	बर्फ़ी		
₹29	मग		
₹15	केला		

- **मनु के पास 10-10 फूलों की 2 मालाएँ हैं और 4 खुले फूल हैं। उसके पास कुल कितने फूल हैं? दिए गए बॉक्स में सही संख्याएँ लिखिए तथा जोड़कर बताइए—**



+

दहाई	इकाई

=

कुल


शिक्षक-निर्देश—₹50 में '₹' रुपये का प्रतीक है।

© NCERT not to be republished

■ मिलकर पढ़िए—

कहानियाँ

1



"हमारे मास्टरजी कहते हैं कि बेटा, खूब पढ़ो और खूब मेहनत करो। सबकी मेहनत से देश आगे बढ़ता है।"

"हाँ बेटा, जैसे— हमारे किसान, सैनिक, मज़दूर, खिलाड़ी आदि मेहनत करते हैं, देश का नाम रोशन करते हैं।"

"पापा, मैं भी मेहनत करके देश का नाम रोशन करूँगा।"

© NCERT not to be republished

■ बातचीत के लिए—

1. आप या आपके परिवार के सदस्य क्या-क्या काम करते हैं? उन कामों को करने में आपके सामने क्या-क्या समस्याएँ आती हैं?
2. आपके हिसाब से कौन-कौन लोग बहुत मेहनत करते हैं?
3. शारीरिक श्रम वाले कामों के बारे में आमतौर पर लोगों की क्या राय रहती है? क्या आप उससे सहमत हैं? क्यों?

शिक्षक-निर्देश— सहभागियों के साथ श्रम, मज़दूरी, जेंडर आदि से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करें। सहभागियों को बताएँ कि स्त्री-पुरुष या पति-पत्नी एक दूसरे के पूरक हैं, सहयोगी हैं। मेहनत करने के महत्व पर भी बातचीत करें।

2

"आपको घर के काम में मम्मी की मदद करते देख, मुझे बहुत अच्छा लगता है, पापा!"

"हाँ बेटा, एक-दूसरे की मदद से ही परिवार चलता है। पति-पत्नी जीवन-साथी भी हैं और सहयोगी भी।"

"हाँ पापा, मैं भी घर के कामों में मदद करूँगा।"

— आयुष्मान गोस्वामी



बातचीत के लिए—

1. क्या आपके घर में स्त्री और पुरुषों के काम बँटे हुए हैं?
2. अगर स्त्री और पुरुष दोनों ही बाहर काम करते हैं तो घर पहुँचकर किसे, कौन-से दायित्व निभाने चाहिए और क्यों?
3. स्त्री और पुरुष के बीच बँटे हुए कामों की सोच समाज के लिए किस तरह घातक है?
4. दोनों कहानियों में बच्चों का जवाब समाज को बदलने में किस तरह मदद करेगा?

© NCERT not to be republished

वर्णमाला

अ आ इ ई उ ऊ ऋ ए ऐ ओ औ

क ख ग घ ङ

च छ ज झ ञ

ट ठ ड ढ ण ड़ ढ़

त थ द ध न

प फ ब भ म

य र ल व

श ष स ह

क्ष त्र ज्ञ श्र

© NCERT not to be republished